प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

21.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19.45बजे

''मुख्य समाचार''

- राज्य सरकार ने एचपीएमसी को वाईनरी स्थापित करने का दिया लाईसेंस–ठियोग के पराला में 86 करोड़ रूपए की लागत से स्थापित होगी वाईनरी।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राजभवनों में राज्यों के स्थापना दिवस मनाने की परम्परा को बताया एक भारत–श्रेष्ठ भारत का प्रतीक।
- राज्य पर्यटन विकास निगम के होटलों को लेकर भाजपा व कांग्रेस आमने–सामने–आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी।
- लोक प्रसारक प्रसार भारती ने ओटीटी प्लेटफार्म वेव्स किया लॉच।

मुख्यमंत्री

राज्य सरकार ने एचपीएमसी को वाईनरी स्थापित करने के लिए लाईसेंस प्रदान कर दिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि एचपीएमसी शिमला जिला के ठियोग के पराला में 86 करोड़ रूपए की लागत से वाईनरी स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि इस महत्वकांक्षी परियोजना से प्रदेश में बागवानी क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस परियोजना के साकार होने से प्रदेश के फल उत्पादकों विशेषकर सेब, आड़ू और पलम बागवानों को उनके उत्पादों के और अधिक लाभकारी मूल्य हासिल होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों का सतत विकास सुनिश्चित कर किसानों व बागवानों की आय में वृद्धि करने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सेब उत्पादकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार ने लम्बित यूनिवर्सल कार्टन की मांग को पूरा किया है। इसके अलावा मण्डी मध्यस्तता योजना के तहत किसानों को एक सौ 63 करोड़ रूपए की राशि वितरित कर लाभान्वित किया गया है। उन्होंने कहा कि इसमें से अधिकतर लम्बित बकाया राशि पिछली भाजपा सरकार से विरासत में मिली थी।

राज्यपाल

हिमाचल में रहने वाले उत्तराखण्ड और झारखण्ड के नागरिकों के लिए राजभवन शिमला में मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ये कार्यक्रम इन राज्यों के स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और लेडी गर्वनर जानकी शुक्ल मौजूद रहे।

राज्यपाल ने कहा कि केन्द्र सरकार ने राजभवनों में राज्यों के स्थापना दिवस मनाने की परम्परा शुरू की है जो एक भारत श्रेष्ठ भारत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को आपस में जोड़ना और विविध संस्कृति के संरक्षण को बढ़ावा देना है। राज्यपाल ने कहा कि मूल्यों और विकास दोनों को साथ लेकर चलने से ही हम अपनी संस्कृति को बचा सकते हैं। इस अवसर पर झारखण्ड राज्य से संबंध रखने वाले पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा ने अपने अनुभव साझा किए। राज्यपाल ने सभी अतिथियों को हिमाचली टोपी और शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने आज सोलन विधानसभा क्षेत्र के सकोड़ी और कलहोग में करीब 2 करोड़ 60 लाख रूपए के विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास किए। इनमें सकोड़ी पंचायत में 35 लाख रूपए की लागत से बने कॉमन सर्विस सेंटर और डिजिटल साक्षरता केन्द्र का लोकार्पण शामिल है। बाद में धनीराम शांडिल ने पीएमश्री राजकीय उच्च विद्यालय सकोड़ी और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कलहोग के वार्षिक समारोह में भी शिरकत की और मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला से वर्चअल माध्यम से विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न जिलों में चल रहे निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विभिन्न कार्यों के लिए आवंटित किए गए बजट को समयबद्ध खर्च करने के निर्देश दिए ताकि अतिरिक्त बजट की जरूरत होने पर सरकार के ध्यान में मामला लाया जा सके। विक्रमादित्य सिंह ने कार्यों की प्रगति रिपोर्ट का विवरण दो दिन के भीतर अपडेट करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रशासनिक अनुमति व बिना बजट प्रावधान के कोई भी निर्माण कार्य न किया जाए। उन्होंने निविदा प्रकृति में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।

गोमा

आयुष मंत्री यादविंदर गोमा ने कहा  है कि प्रदेश में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए 3 हजार 4 सौ 15 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। वे आज जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की भरवाना पंचायत के खुरड़पट्ट में 35 लाख से निर्मित स्वास्थ्य भवन के लोकार्पण के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यादविंदर गोमा ने कहा कि प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में एक स्वास्थ्य संस्थान को आदर्श बनाया जा रहा है और इनमें उपकरणों व मशीनों की खरीद के लिए एक–एक करोड़ रूपए उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

हर्षवर्धन चौहान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने आज सिरमौर जिला के शिलाई में जनसमस्याएं सुनी और अधिकांश समस्याओं का मौके पर निपटारा किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय उच्च मार्ग सात सौ सात के निर्माण कार्य के दौरान प्राकृतिक जल स्रोतों और सिंचाई व पेयजल योजना के नुकसान को जल्द ठीक करने के निर्देश दिए।

नरेश चौहान

मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा कि भाजपा नेता दूसरे राज्यों में चुनाव के दौरान हिमाचल की छवि को धूमिल करने का कार्य कर रहे हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि भाजपा नेता अपनी राजनीतिक महत्वकांक्षाओं के चलते बिना तथ्यों के गलत बयानबाजी कर प्रदेश के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। नरेश चौहान ने कहा कि उच्च न्यायालय से एक पुराने मामले में आए आदेशों में दिल्ली स्थित हिमाचल भवन को अटैच करने के संबंध में भाजपा नेता तथ्यहीन बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये मामला वर्ष 2009 का भाजपा सरकार के कार्यकाल से जुड़ा हुआ है। नरेश चौहान ने कहा कि इस मामले को लेकर कानूनी लड़ाई लड़ी जाएगी और सरकार के पास इस बारे में विकल्प खुले हैं। उन्होंने कहा कि राज्य पर्यटन विकास निगम के 18 होटलों को लेकर उच्च न्यायालय के आदेशों का भी राज्य सरकार गहनता से अध्ययन कर रही है। नरेश चौहान ने आरोप लगाया कि होटलों का ये मामला वर्तमान सरकार के दो वर्षों का नही है बल्कि पूर्व भाजपा सरकार के कुप्रबंधन का नतीजा है।

जगत सिंह नेगी

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश के प्रमुख स्थानों पर बनाए गए राज्य पर्यटन विकास निगम के होटलों को पूर्व भाजपा सरकार ने कम दामों पर लीज पर दे दिया जिससे प्रदेश को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निगम के 18 होटल को उच्च न्यायालय ने बंद करने के आदेश दिए हैं जिन पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि इस मामले में कानूनी सहायता ली जा रही है और इन होटलों में ज्यादातर प्राईम लोकेशन पर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता हिमाचल को आर्थिक रूप से कंगाल देखना चाहते हैं।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रदेश की सुक्खू सरकार ने हिमाचल प्रदेश को पूरे देश में बदनाम कर दिया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है और विकास पूरी तरह से बंद हो गया है। बिंदल ने कहा कि हिमाचल का प्राईड कहा जाने वाला दिल्ली स्थित हिमाचल भवन नीलामी के कगार पर पहुंच गया है और केवल दो साल में

प्रदेश की आर्थिक स्थिति को बुरी तरह बिगाड़ दिया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने अपनी कुर्सी बचाने और पार्टी के अंदर जो धड़ाबंदी चल रही है उसमें संतुलन बनाने के लिए गैर कानूनी तौर पर अपने चहेतों को कैबिनेट रैंक देकर प्रदेश की आर्थिक स्थिति को बदहाल करने का काम किया है।

<u>सुरेश कश्यप</u>

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन का राज चल रहा है और मुख्यमंत्री व उनकी मित्र मंडली ने प्रदेश को 50 वर्ष पीछे धकेल दिया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में राज्य पर्यटन विकास निगम सभी 18 होटल हिमाचल की धरोहर हैं और कांग्रेस सरकार की लापरवाही व कुप्रबंधन के कारण इनकी कुर्की की नौबत आ गई है। सुरेश कश्यप ने कहा कि सुक्खू सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश कर्ज में डूब गया है और हर जगह अराजकता का माहौल है।

<u>प्रसार भारती</u>

लोक प्रसारक प्रसार भारती ने अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स लॉन्च कर दिया है। गोवा में कल 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–इफ्फी के उद्घाटन समारोह में इसका अनावरण किया गया। डिजिटल स्ट्रीमिंग सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के साथ–साथ वेव्स का उद्देश्य आधुनिक डिजिटल रुझानों को अपनाते हुए पुरानी यादों को ताज़ा करना है। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि वेव्स अन्य ओटीटी प्लेटफॉर्म की तुलना में अनूठा है।

<u>भ्रमण</u>

हमीरपुर जिले के बिझड़ी विकासखण्ड के तहत महारल क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों को एचपी शिवा परियोजना के तहत विकसित फगोग और कोटलू का अध्ययन भ्रमण करवाया गया। झण्डूता के उद्यान विकास अधिकारी डॉक्टर अरविंद गौतम ने बताया कि एफ.एल.डी. फगोग में शिवा परियोजना के तहत मौसंबी के पौधे लगाए गए हैं जिनमें करीब 25 से 30 क्विंटल फल उत्पादन हो रहा है। इसी तरह कोटलू में अमरूद के पौधे लगाए गए हैं और दो साल में ही अच्छी पैदावार हो रही है। किसानों ने दोनों क्षेत्रों में लगाई गई फसल का अध्ययन किया और इस बारे में अपनाई गई तकनीकों को समझा।

‘मुख्य समाचार एक बार फिर’’

- राज्य सरकार ने एचपीएमसी को वाईनरी स्थापित करने का दिया लाईसेंस–ठियोग के पराला में 86 करोड़ रूपए की लागत से स्थापित होगी वाईनरी।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राजभवनों में राज्यों के स्थापना दिवस मनाने की परम्परा को बताया एक भारत–श्रेष्ठ भारत का प्रतीक।
- राज्य पर्यटन विकास निगम के होटलों को लेकर भाजपा व कांग्रेस आमने–सामने–आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी।
- लोक प्रसारक प्रसार भारती ने ओटीटी प्लेटफार्म वेव्स किया लॉच।